महापौर मधुसूदन यादव टाका घर पहुँच... पृष्ठ 2 | ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी है मां... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

गुरूवार, 03 अप्रैल 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 165, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बना देश में जीएसटी राजस्व वृद्धि दर में अग्रणी राज्य

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम की है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य ने कुल 16,390 करोड़ का जीएसटी राजस्व संग्रह कर देशभर में सबसे अधिक 18 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ को जीएसटी राजस्व वृद्धि के मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर स्थापित करती है। इस क्रम में महाराष्ट्र 16 प्रतिशत और तमिलनाडु 15 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मार्च 2025 में छत्तीसगढ़ को स्त्रस्त्र मद में 1,301.09 करोड़ की प्राप्ति हुई, जो मार्च 2024 की तुलना में 72 प्रतिशत अधिक है। यह पहली बार है जब राज्य ने GST संग्रह में ?1000 करोड़ का आंकड़ा पार किया है। मार्च 2025 में ही GST मद में 756.73 करोड़ प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार मार्च 2025 में कुल जीएसटी संग्रह ?2,057.82 करोड़ रहा, जो मार्च 2024 के 1,443.66 करोड़ की तुलना में 43 प्रतिशत की प्रभावशाली मासिक वृद्धि दर्शाता है। जीएसटी आने के बाद छत्तीसगढ़ ने पहली बार एक माह में कुल जीएसटी राजस्व में 2000 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया है।

यह उल्लेखनीय प्रगति राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के दिशा निर्देश पर वाणिज्यिक कर विभाग में किए गए व्यापक सुधार, नवाचार और नई कार्यसंस्कृति का प्रत्यक्ष परिणाम है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में विभाग ने जीएसटी प्रशासन को अधिक सक्रिय, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाने हेतु निर्णायक कदम उठाए हैं।

रिटर्न दाखिल नहीं करने वाले व्यापारियों की निरंतर निगरानी एवं संवाद के माध्यम से अनुपालना दर में

बड़ा सुधार हुआ है। नॉन-फाइलर्स की संख्या 15 प्रतिशत से घटकर मात्र 6 प्रतिशत रह गई है। 28,000 से अधिक व्यवसायों का भौतिक सत्यापन किया गया, जिनमें से 4, 252 फर्मों, जो कुल फर्मों का लगभग 15 प्रतिशत है, को फर्जी पाया गया। इससे कर अपवंचन पर प्रभावी अंकुश लगा और कर अनुपालना में वृद्धि हुई। वर्षभर में डेटा एनालिटिक्स के आधार पर 313 मामलों में लेखा पुस्तकों की जांच कर ?45.13 करोड़ की वसूली की गई। वहीं, 77 प्रतिष्ठानों की तलाशी/निरीक्षण से 47.35 करोड़ की अतिरिक्त राशि प्राप्त हुई। जीएसटी विभाग द्वारा सेक्टर आधारित विश्लेषण और इंटर डिपार्टमेंटल डेटा का उपयोग करते हुए 49 संभावित कर अपवंचन क्षेत्रों की पहचान की गई जिससे 101 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया गया। मार्च 2025 में किए गए विशेष प्रयासों के तहत शासकीय विभागों द्वारा जीएसटीआर-7 रिटर्न दाखिल करवाकर इनके सप्लायर्स से 37 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व एकत्रित किया गया। राज्य भर में ऐसे 36,847 व्यापारियों से संपर्क किया गया, जिन्होंने या तो शून्य रिटर्न दाखिल किया था या व्यवसाय में नकारात्मक वृद्धि दर्शाई थी, जिससे कर अनुपालन में बढ़ोतरी सुनिश्चित हुई। इन सभी ठोस और तकनीक आधारित उपायों का प्रत्यक्ष परिणाम है कि छत्तीसगढ़ आज देश में जीएसटी वृद्धि में शीर्ष स्थान पर है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन और वित्त मंत्री श्री ओ पी चौधरी के मार्गदर्शन में जीएसटी विभाग अब डिजिटल ट्रैकिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी प्रणाली और उन्नत अनुपालन तंत्र को लागू कर, आने वाले वर्षों में भी छत्तीसगढ़ को देश में अग्रणी स्थिति में बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, च्छत्तीसगढ़ की यह ऐतिहासिक उपलब्धि केवल आंकड़ों की उपलब्धि नहीं, बल्कि ईमानदारी, पारदर्शिता और जनभागीदारी पर आधारित सुशासन की पहचान है। हमारी सरकार ने टैक्स प्रशासन को जनकेंद्रित और टेक्नोलॉजी-संचालित बनाकर यह सिद्ध किया है कि अगर इच्छाशक्ति हो तो राजस्व और विश्वास भी बढ़ता है। हम इसी गति को बनाए रखते हुए छत्तीसगढ़ को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और समावेशी विकास का मॉडल बनाएंगे।

निगम-मंडल-बोर्ड और आयोग में अध्यक्ष पदों की हुई नियुक्ति

गौरीशंकर श्रीवास ने ठुकराया पद कहा- इतनी बड़ी जिम्मेदारी स्वीकार नहीं

रायपुर। छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने बुधवार को निगम, मंडल, बोर्ड और आयोग में अध्यक्ष पदों की सूची जारी कर दी है। जारी लिस्ट के मुताबिक भूपेंद्र सवन्नी क्रेडा अध्यक्ष, लोकेश कावड़िया छत्तीसगढ़ निशक्तजन वित्त विकास निगम के अध्यक्ष बनाए गए हैं। लिस्ट में 4 महिलाएं और 32 पुरुष शामिल हैं।

साथ ही सौरभ सिंह खनिज विकास निगम अध्यक्ष, शशांक शर्मा छत्तीसगढ़ संस्कृति परिषद अध्यक्ष, राजीव अग्रवाल सीएसआईडीसी के अध्यक्ष और संजय श्रीवास्तव को नागरिक आपूर्ति निगम की जिम्मेदारी सौंपी गई है।वहीं दीपक महसके को सीजीएमएससी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

वहीं गौरीशंकर श्रीवास को छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, लेकिन गौरीशंकर श्रीवास ने पद लेने से इनकार कर दिया। सोशल मीडिया पर लिखा कि पार्टी ने इतनी बड़ी जिम्मेदारी दी है कि जिसे उठाने में मेरे कंधे असमर्थ हैं, इसलिए पद स्वीकार नहीं है।

नीलू शर्मा को पर्यटन एवं योगेश दत्त मिश्रा को श्रम कल्याण मंडल के अध्यक्ष बनाया गया

इसके अलावा मोना सेन को छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष बनाई गई हैं। वहीं जितेंद्र कुमार साहू को राज्य तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष और अमरजीत सिंह छाबड़ा राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष बनाए गए हैं। वहीं डॉ. वर्णिका शर्मा राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष, नीलू शर्मा छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष, नंदकुमार (नंदे साहू) रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष, अनुराग सिंह देव गृह निर्माण मंडल और शालिनी राजपूत राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष बनाई गई हैं।

भगवान को पाने के लिए संसार से मन की विरक्त होना आवश्यक - सुश्री धामेश्वरी देवीजी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जगद्गुरुत्तम श्री कृपालुजी महाराज की प्रमुख प्रचारिका सुश्री धामेश्वरी देवीजी द्वारा राजनांदगांव, स्टेट हाई स्कूल मैदान में चल रही दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के नवमें दिन संसार के स्वरुप को आगे विस्तार में समझाया गया है। देवी जी ने वेदों के द्वारा यह भी प्रमाणित किया कि भगवान को पाने के लिए संसार से मानसिक विरक्त होना आवश्यक है और यह समझना जरुरी है कि संसार में कोई हमारा नहीं है। जब तक किसी से स्वार्थ रहता है वहाँ पर प्रेम हो जाता है और जब किसी की स्वार्थ हानि दिखती है तो वहाँ लड़ाई झगड़ा शुरु हो जाता है। इसी प्रकार जब तक हम किसी के भी अनुकूल होंगे तब तक वो हमारा बना रहेगा और जब प्रतिकूल हो जायेंगे तो वह हमारा दुश्मन बन जाएगा और इस व्यवहार को हम दिन रात अपने रिश्तेदारों में, नातेदारों में, पड़ोसी में, दोस्तों के साथ करते हैं, देखते हैं

और स्वयं भी भोगते हैं। तो इसलिए यहाँ किसी का किसी से पेट नहीं भर सकता संसार में। और क्योंकि किसी को परमानंद नहीं मिला है सभी अपूर्ण हैं इसलिए जब तक भगवान् को पा नहीं लेते तब तक यह आचरण बना रहेगा। यह भी समझना आवश्यक है कि इस संसार में तो क्या, बड़े बड़े स्वंगादिक लोकों में कहीं भी आनंद नहीं है। क्योंकि अगर सुख होता तो संसार में सभी सुखी होते और कोई भी भ्रष्टाचार आदि का शिकार न होता। दूसरी बात यह है कि सांसारिक भौतिकवाद जितना कम होगा उतना ही हम ईश्वर की ओर प्रेरित होंगे। और जितना आध्यात्मवाद बढ़ेगा उतना ही हम सुखी रहेंगे क्योंकि सुख भीतर की वस्तु है। बहिरंग भौतिक वस्तुओं से हम अंतरंग स्तर पर सुखी नहीं हो सकते इसलिए आजकल का जो संसार है वह बाहर से सुखमय दिखाई पड़ता है वह केवल दिखावा मात्र है, छलावा मात्र है। जब ईश्वर की भक्ति हम करते हैं यानि ईश्वर को ही अपना मानेंगे भीतर से और संसार में व्यवहार मात्र करेंगे ड्यूटी मात्र करेंगे तभी हमें मानसिक सुख मिल सकता है। इसी प्रकार जब संसार हमारा नहीं है तो उसके लिए हम समय व्यर्थ कर रहे हैं हमें अधिक से अधिक समय भगवान् को जानने में ही व्यतीत करना चाहिए जिससे मानसिक स्तर पर हम सुख पायें और हमारे परिवार एवं समाज में सुख सम्मृद्धि आये। प्रवचन का समापन श्री राधा कृष्ण भगवान् की भव्य आरती के साथ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। 15 दिवसीय दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन दिनांक 8 अप्रैल 2025 तक प्रतिदिन शाम 7 से रात 9 बजे तक होगा।

बाबा मरस पोटा धाम में श्री मद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ

शिव विवाह/ भक्त प्रहलाद/हिरण्यकश्यप/ रंग महोत्सव कार्यक्रम भव्य रहा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा राजनांदगांव में स्थित बाबा मरस पोटा धाम में 30 मार्च से 5 अप्रैल तक सप्ताहिक संगीत मय श्री मद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ शिव विवाह/ भक्त प्रहलाद/हिरण्यकश्यप वद होली रंग महोत्सव के साथ तीसरा दिन भव्य रूप से सम्पन्न हुआ बाबा मरस पोटा धाम के संरक्षक श्री राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि राजनांदगांव से 16 किलोमीटर दूर स्थित चारों ओर जंगल एवं पहाड़ी से घिरा आकर्षक एवं भव्य स्थान बाबा मरस पोटा धाम में 30 मार्च से 5 अप्रैल तक सप्ताहिक संगीत मय श्री मद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आज तीसरा दिन भी रहा कथा वाचक श्री खिलेश कृष्ण दुबे बहुत ही भकि मय विस्तार से कथा वर्णन कर भक्तों का मन मोह लिया गया

चौथा दिन 2 अप्रेल समुद्र मंथन वामन कृष्ण अवतार

चैत्र शुक्ल पक्ष 3 अप्रेल बाल लीला, नाग लीलाराज लीला,4अप्रैल मणी प्रसंग,सुदामा चरित्र,5 अप्रैल दिन शनिवार कलयुग वर्णन,परिक्षित मोक्ष गीता,तुलसी वर्षा हवन,बाबा मरस पोटा धाम समिति के दिलीप साहू,धर्मेन्द्र श्रीवास्तव विकास लिमचा,रवि साहू, राजकुमार देवांगन,विशाल साहू,कृष्णा साहू,चंदा अर्जुन निषाद,पुरषोतम साहू, मुकेश, निलकंठ, संजय यादव,धरवेतन,गांधी साहू,बहल यादव,प्रताप साह, ठाकुर राम,ललीत रद्द,भुषण साहू,हेमलाल, रोहित साहू,दिलीप मेश्राम ने बाबा मरस पोटा धाम में

आयोजित सप्ताहिक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम को भव्य बनाने की अपील की है।

कर्म कभी किसी को नहीं छोड़ता : शास्त्री श्री ईश्वरचंद जी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। माहेश्वरी समाज द्वारा गायत्री शक्तिपीठ में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के चौथे दिन व्यास पीठ से शास्त्री श्री ईश्वर चंद जी ने कहा कि कर्म गतिशील होता है। कर्म की एक गति होती है और कर्म किसी को भी नहीं छोड़ता। शरीर धारण करते ही आप गुणों से बंध जाते हैं। संसार में सब कुछ जगदंबा ने बनाया है। देव भी गुणों से बंधे हैं। पहले प्रारब्ध आता है और पीछे शरीर आता है। शरीर को धारण करते ही आप सुख दुख से बंध जाते हैं। यह सुख दुख आपके कर्मों के आधार पर होता है। शास्त्री श्री ईश्वर चंद जी व्यास ने कहा कि कबीर दास जी एक अवतार हैं। वह पहले अवतार हैं। दूसरे अवतार स्वामी रामदास जी और तीसरे अवतार रामकृष्ण परमहंस देव तथा चौथे अवतार श्री राम शर्मा आचार्य हैं। उन्होंने कहा कि हम कर्म करने में स्वतंत्र हैं किंतु कर्म के साथ आज्ञा भी जरूर होती है। वेदों में भी हमें आज्ञा के अनुसार कर्म करने को कहा गया है। वेदों ने हमें आज्ञा दी है कि माता-पिता देव के समान हैं किंतु हम माता-पिता को देव का स्थान नहीं देते। उनकी आज्ञा का पालन नहीं करते हैं। वेदों ने हमें कहा है कि धर्म के अनुसार कार्य करो किंतु हम धर्म के अनुसार कार्य नहीं करते। उन्होंने कहा कि जिन्होंने मनमाना कर्म किया है वह दुखी होता है। शास्त्री जी ने कहा कि कोई किसी को दुखी नहीं करता और कोई किसी को सुखी नहीं करता। मनुष्य अपने कर्म से दुखी और सुखी होता है, लेनदेन के आधार पर आप संसार में आए हैं जिसका लिया है उसे चुकाना ही होता है। प्रारब्ध को हम भोगते हैं। मनुष्य कामी, क्रोधी, राग-द्वेष वाला होता है। मनुष्य को धर्म करने के लिए कहना पड़ता है किंतु अधर्म करने के लिए कुछ भी नहीं कहना पड़ता। सबके मन में कहीं ना कहीं अहंकार होता है, जिसकी वजह से राग-द्वेष बढ़ता है। राग-द्वेष हुआ तो स्वार्थ बढ़ता है। शास्त्री जी ने कहा कि राग वह होता है जिसे हम जानते हैं कि उसका त्याग करना चाहिए किंतु हम उसका त्याग नहीं कर पाते और द्वेष वह है जिसे हमें स्वीकार नहीं करना चाहिए जो स्वीकार करने योग्य नहीं है, उसे हम स्वीकार करते हैं। उन्होंने कहा कि हम अभिमान के कारण उसे स्वीकार नहीं कर पाते। राग-द्वेष का जो त्याग कर देता है, वह सन्यासी हो जाता है और वह सुखी हो जाता है।

गायत्री शक्तिपीठ में श्रीमद् देवी भागवत कथा

मेडिकल कॉलेज में अव्यस्था का आलम, अधीक्षक रहते है हॉस्पिटल से नदारत...

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले के शासकीय मेडिकल कॉलेज सह हॉस्पिटल में 4 जिलों के मरीज बेहतर उपचार के लिए पहुंचते है, लेकिन हॉस्पिटल की बिगड़ी व्यवस्था के चलते मरीज निराश होकर निजी अस्पतालों का रुख कर लेते है।

वहीं मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल के अधीक्षक अक्सर नदारत रहते है, अवकाश के दिनों में अधीक्षक हॉस्पिटल में पहुंचते ही नहीं है, अधीक्षक के नहीं होने से डॉक्टर और अन्य स्टाफ मनमानी करने पर आतुर रहते है, जिसकी जब मर्जी आते और जाते है, अधीक्षक का हॉस्पिटल के डॉक्टरों और अन्य स्टाफ पर नियंत्रण नहीं है।

पिछले 2 वर्षों से हॉस्पिटल प्रबंधन भोजन का टेंडर नहीं करवा पा रहा है, जिसके चलते पुराने ठेकेदार अपनी मनमानी पर अमादा है, जैसा चाहे वैसा भोजन मरीजों का परोसा जा रहा है, हॉस्पिटल में एक भी डाइटीशियन नहीं है, जो डाइटीशियन डिलीविजेस पर कार्य कर रही थी वह भी 3 माह पहले छोड़कर चली गई। हॉस्पिटल में कई प्रकार के मरीज भर्ती रहते है, जिसमें डायबिटीज,गर्भवती महिलाएं, सीजर व अन्य प्रकार के।

किंतु सभी मरीजों को एक ही प्रकार का भोजन परोसा जा रहा है, भोजन में कोई क्वालिटी नहीं होती है, और ना ही मरीजों के बीमारी के हिसाब से कोई डाइट चार्ट होता है। ऐसे में हॉस्पिटल प्रबंधन मरीजों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहा है, मरीजों को दवा के साथ साथ संतुलित मात्रा में पौष्टिक आहार की भी आवश्यकता होती है, जिसे शासन स्तर पर हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को निःशुल्क देना होता है,वह इस मेडिकल कॉलेज- हॉस्पिटल में देखने नहीं मिल रहा है।

मरीजों के सेहत से खिलवाड़..

नहीं हो पा रहा भोजन का टेंडर..

पूरा हॉस्पिटल भगवान भरोसे चल रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री और प्रशासनिक सचिव किसी अवसर पर पहुंचकर बड़ी बड़ी डींगे हाँकर चलते जाते है, अस्पताल के मरीजों और उनके स्वास्थ्य के संबंध में विस्तृत जानकारी मैदानी स्तर पर नहीं लेते है, वहीं लोकल स्तर के नेताओं

को मरीजों के इलाज और अस्पताल की खामियों से कोई सरोकार नहीं होता है, वे केवल चाटुकारिता कर अपना कद बढ़ाने में लगे रहते है। बड़ी उम्मीद से इस मेडिकल कॉलेज सह हॉस्पिटल में मरीज इलाज के लिए पहुंचे है, लेकिन मरीजों के हाथ केवल निराशा ही लगती है।

nandgaon times April-03-004.qxd 4/2/2025 11:57 PM Page 2

डॉ. रमन सिंह आज डोंगरगढ़ में

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह कल एक दिवसीय प्रवास पर आ रहे है वे डोगरगढ़ जा कर माँ बम्लेश्वरी देवी के दर्शन कर उनकी पूजा अर्चना करेगें फिर शहर आकर स्थानीय कार्यक्रमो मे भाग लेगें। भाजपा मिडिया सेल द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार डॉ. रमन सिंह सुबह 11:00 बजे रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12:30 बजे विधानसभा अध्यक्ष निवास राजनांदगांव आवेगें फिर यहा से शाम 05:30 बजे डोंगरगढ़ जाकर माता बम्लेश्वरी देवी का दर्शन, पुजन अर्चन करने के पश्चयात डोगरगढ़ रेस्ट हाउस आकर वापस राजनांदगांव के लिए प्रस्थान करेगें।

वेद कुमारी साहू प्रधान पाठक सशक्त नारी सम्मान से हुई सम्मानित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ (समग्र विकास मंच)पं. क्र. 122202474050 (सम्मान

पत्र) सशक्त नारी सम्मान 2025 दिनांक 31 मार्च 2025 रायपुर को श्रीमती वेद कुमारी साहू प्रधान पाठक संस्था पता खैरागढ़ को समाज कल्याण, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन, कला संस्कृति, साहित्य लेखन शिक्षा में उत्कृष्टता तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट व अप्रतिम कार्य व सहयोग के लिए शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा सशक्त नारी सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय सम्मान समारोह दिनाँक 31/03/2025 को वृंदावन हाल रायपुर शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के द्वारा शिक्षा एवं कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सशक्त नारी सम्मान से सम्मानित होने का सुअवसर एवं गवांच्चित सौभाग्य मिला। मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती मीनल चौबे, रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी श्री विजय खंडेलवाल,माननीय डॉ. निधि चंद्राकर, उडान नई दिशा संस्था, एवं छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री श्रीमती जागेश्वरी मड़रिया मेश्राम जी के कर कमलो से सम्मानित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

घोरदा मे कर्मा जयंती सम्पन्न

अपनी संस्कृति व संस्कार को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी-

डोंगरगाव (नांदगांव टाइम्स)। विकास खंड के ग्राम घोरदा मे

भक्त माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, जहां मुख्य अतिथी के रूप सम्मलित जिला साहू संघ राजनांदगांव के पूर्व महामंत्री व तहसील साहू संघ डोंगरगांव के संरक्षक अमरनाथ साहू ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की रीति नीति, संस्कृति व संस्कार को बचाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, भावी पीढी को इससे अवगत करा कर एक सभ्य व सुसंस्कारिक समाज का निर्माण किया जा सकता है। कार्यक्रम अध्यक्ष तहसील साहू संघ डोंगरगांव के अध्यक्ष हेमंत साहू ने समाज मे व्याप्त विभिन्न कुरूतियो को दूर करने का आव्हान किया।

इसके पूर्व ग्राम मे बाजे गाजे के साथ विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली गई, तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पर सामूहिक पूजा आरती की गई तथा सामाजिक ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम मे प्रतिभावान छात्र छात्राओ का सम्मान भी किया गया।

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय समिति गठित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजय शर्मा अध्यक्ष है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल उपाध्यक्ष है। इसी तरह पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित जिले के सत्कार अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सदस्य तथा उप संचालक समाज कल्याण को सदस्य सचिव बनाया गया है।

महापौर मधुसूदन यादव टांका घर पहुँच गाड़िया एवं टैंकरो की स्थिति देख समय पर गाड़िया निकालने के दिये निर्देश

मोहारा फिल्टर प्लांट का जायजा लेकर एलम एवं अन्य समाग्री के पर्याप्त भण्डारण रखने कहा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल के लिये महापौर श्री मधुसूदन यादव वार्ड सहित मोहारा नदी, फिल्टर प्लांट एवं टाका घर का समय समय पर जायजा लेकर वस्तु स्थिति के अवगत हो दिशा निर्देश दे रहे है। आज सुबह उनके द्वारा मोहारा फिल्टर प्लांट का आकास्मिक निरीक्षण कर क्लोरिंन की मात्रा,एलम की उपलब्धता आदि की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वही उन्होंने टाका घर पहुंच पानी टैंकर एवं गाडियों की स्थिति देख समय पर गाडिया निकलने तथा टैंकर पहुंचाने प्रभारी को निर्देशित किये। उनके द्वारा कल जल विभाग की बैठक लेकर भी व्यवस्था की जानकारी ली गयी थी।

महापौर श्री यादव सुचारू पेयजल सप्लाई के लिये शपथ ग्रहण करने के पश्चात से ही स्वयं मानिटरिंग कर रहे है। पहले ही दिन उन्होंने एनिकट के पास से सिल्ट हटाने चेन माउण्टेन एवं अमला लगाकर साफ करने के निर्देश दिये थे। वही लगातार मोहारा नदी तथा प्लांट का निरीक्षण कर जल विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे है। कल उन्होने जल विभाग की समीक्षा कर अधिकारियों से जानकारी ले

दिशा निर्देश दिये और आज उन्होंने मोहारा प्लांट पहुँच पंप की स्थिति और एलम, ब्लीचिंग तथा अन्य समाग्री की उपलब्धता जानकारी ली। उप अभियंता श्री युवराज कोमरे ने जानकारी दी कि 27 एमएलडी प्लांट में रॉ वाटर के लिये एक व क्लीयर वाटर के लिये दो नग नया मशीन मंगाया गया है, जो इसी माह में लग जायेगा। इसके अलावा एलम की आज ही गाडी आई है, अन्य समाग्री पर्याप्त मात्रा में है।

महापौर ने कहा कि सभी मोटर दुरूस्त रखे तथा समाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखे, इसके अलावा टंकी पूरी भरने के पश्चात ही पानी सप्लाई करें। निरीक्षण की कडी में महापौर श्री यादव टाका घर पहुँच जल एवं मोटर विभाग का जायजा लेकर टैंकर एवं गाडियों की स्थिति देखी। उन्होंने मोटर प्रभारी से कहा कि सभी गाडिया समय पर निकले तथा टैंकर भी समय पर पहुचे, खराब होने की स्थिति में तत्काल मरम्मत करावे। इसके अलावा शादी एवं आयोजनो के लिये संबंधित को पहले से ड्रम रखने निर्देशित करे ताकि रात्रि मे ही टैंकर से पानी डाला जा सके। साथ ही एक सप्ताह पूर्व ही आवेदन लेवे जिससे व्यवस्था कर समय में पानी दिया जा सके। महापौर ने जल विभाग प्रभारी से कहा कि पाईप लाईन एवं वाल्व लिकेज की शिकायत का त्वरित निराकरण करे। वालमेन समय पर वाल्व खोले एवं किसी प्रकार की परेशानी पर अधिकारी को अवगत कराये। उन्होने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखकर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिचित करे तथा समाग्री का पर्याप्त भण्डारण रखे।

ग्राम कोड़ेकसा में मानव अधिकार फाउंडेशन का जागरूकता शिविर संपन्न

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। डौंडी लोहारा,/बालोद.जिला मुख्यालय बालोद से कोई 50 किलोमीटर दूर सुदूर आदिवासी बाहुल्य ग्राम कोड़ेकसा में छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन के जिला इकाई बालोद द्वारा एकदिवसीय विधिक जागरूकता पर केंद्रित कार्यक्रम किया गया. फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष संतोषी ठाकूर के नेतृत्व में संपन्न इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बिलासपुर उच्च न्यायालय के अधिवका लव कुमार रामटेके थे. अध्यक्षता मेंन लाल भू आर्य सरपंच ग्राम पंचायत कोड़ेकसा ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर के मुरारी दास, गुरु,दीपा रामटेके अधिवका एवं कर सलाहकार बिलासपुर व तुकाराम कोर्राम, जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बालोद थे. कार्यक्रम के पूर्व में अतिथियों द्वारा

संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर व छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ दीपा रामटेके मैडम द्वारा उपस्थित ग्राम वासियो को संविधान की प्रस्तावना के शपथ दिलाने से हुआ. मुख्य वक्ता के रूप में अधिवका लव कुमार रामटेके ने उपस्थित आदिवासी समुदाय को संबोधित करते हुए कहा बाबा साहब के प्रभाव से शिक्षा की ज्योति आज देश के हर गांव में और हर लोगों तक तो पहुंची है पर अभी भी हम आर्थिक आजादी से काफी दूर है हमारा लक्ष्य समाज के पढ़े-लिखे हर नौजवानों को रोजगार से जोड़ना रहा है हमारे नौजवान सरकार की बहुत सारी योजनाओं से अनभिज्ञ है उन्हें इस माध्यम से न केवल जानकारी प्रदान करना बल्कि समाज के प्रति जवाबदारी व्यक्ति बनाना रहा है. अध्यक्षता करते हुए मेनलाल भूआर्य सरपंच कोड़े कसा ने अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन करते हुए ग्राम के नागरिकों को अच्छी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर ग्राम वासियों की ओर से ग्राम प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कुशल सिंह मंडावी तहसील अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज डौंडी लोहारा, महेश कुर्रौटी जिला महासचिव सर्व आदिवासी समाज बालोद, कलिराम कोमरो , मीडिया प्रभारी श्याम सिंह नेताम कार्यक्रम संयोजक संपत मांडवी सहित अनेक ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित थे कार्यक्रम में सफ्त बनाने में विशिष्ट सहयोग सामाजिक कार्यकर्ता पुनेश देवांगन ने वह अनेक ग्राम वासियों ने किया।

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ का परीक्षा परिणाम घोषित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव में नॉन बोर्ड कक्षाओं के परिणाम आज विद्यालय के सभागार में परीक्षा विभाग के द्वारा घोषित किया गया, जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को

सर्टिफिकेट और उपहार प्रदान किया गया, जिसमें कक्षा छठवीं अ की पूजा जंपेल ने 93 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान, छठवीं अ, व के ही मुंजीत वर्मा व कोमल कांडे ने 94 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान और कक्षा छठवीं में हिमांशु ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।कक्षा सातवीं अ के मोहित कुमार साहू ने 94 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान, दिव्यांशी देवांगन ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान एवं मनन राज ने 96.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा आठवीं अ के नितिन चंदेल ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, राजवीर 96 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और अनिका मिश्रा ने 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा नवमीं में मोहनीश 91 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान, राजित लात्रे 93 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और कक्षा में प्रथम स्थान आयुषी पटेल ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ किया। कक्षा ग्यारहवीं वाणिज्य संकाय में रोशन पटेल ने 77 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, देवाशीष साहू 79.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और 80 प्रतिशत अंकों के साथ द्रौपदी कंवर ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वनांचल चौकी के पहले सीबीएसई स्कूल में नए सत्र की हुई शुरुआत

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नवीन जिला मोहला – मानपुर – अंबागढ़ चौकी क्षेत्र के अधिसंख्य आदिवासी परिवारों में रह रहे बच्चों को शिक्षा को अपना कर्तव्य मानते हुए नांदगांव शिक्षा मंडल ने अंबागढ़ चौकी में सीबीएसई स्कूल के संचालन का बीड़ा उठाया । 1 जुलाई 2024 को शुरू की गई इंग्लिश मीडियम स्कूल का द्वितीय शैक्षणिक सत्र 2025 – 26 की शुरुआत 1 अप्रैल से भी जा चुकी है । प्रवेश के लिए पालकों का रुझान इस बात का साक्षी बन रहा है कि मानवीय सेवा का संकल्प फलीभूत होने की दिशा में अग्रसर है । अंबागढ़ चौकी में नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों द्वारा प्रारंभ किए गए इंग्लिश मीडियम स्कूल (सीबीएसई पैटर्न) के नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत ने चौकी क्षेत्र के रहवासियों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया है । अपने बच्चों की पढ़ाई के प्रति चिंतित पालक स्कूल पहुंचकर बच्चों का प्रवेश करा रहे हैं । नांदगांव शिक्षा मंडल वह संस्था है जिसने राजनांदगांव जिले के सबसे बड़े महाविद्यालय दिग्विजय महाविद्यालय को अस्तित्व में लाया ।राजनांदगांव जिले का एक मात्र विधि महाविद्यालय भी इसी संस्था द्वारा चलाया है रहा है । अब इसी संस्था ने अपनी सामाजिक कल्याण वाली सोच के साथ वनांचल अंबागढ़ चौकी जैसे वृहद आदिवासी क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा को नया अमलीजामा पहनाने का संकल्प लिया है । महज 10 बच्चों से संस्था की शुरुआत करने वाली इंग्लिश मीडियम स्कूल को नए सत्र में पालकों का अच्छा सहयोग प्राप्त हो रहा है । प्रतिदिन प्रवेश हेतु पहुंच रहे पालक उपलब्ध सुविधाओं को अपने बच्चों के लिए वरदान से कम नहीं मान रहे हैं ।

नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल .बल्देवबाग में नए शिक्षण सत्र से बच्चों में दिखा उत्साह

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल.बल्देवबाग में नया शिक्षण सत्र 1 अप्रैल से आरंभ हुआ हुआ। इस अवसर बच्चों में उत्साह एवं खुशी देखते ही बनी। नए शिक्षण सत्र के शुरूआत की पहली कड़ी में नर्सरी से आठवीं तक के सभी बच्चों के बीच हनुमान चालिसा के पाठ पश्चात् तिलक लगाकर व मिठाई वितरण कर शाला में प्रवेशित किया गया तथा बच्चों को पुरे सत्र में उनकी पढ़ाईए खेल.कूद एवं निर्धारित गतिविधियों से अवगत कराया गया साथ ही साथ बच्चों को नई कक्षाओं में प्रवेशित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस शुभ अवसर पर संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयीए श्रीमती सोनल बाजपेयीए द्वारा माँ सरस्वती के तैलचित्र में माल्यार्पणए दीप प्रज्वलित व सरस्वती वंदना कर किया गया। उक्त अवसर पर संस्था के डायरेक्टर श्री बाजपेयी द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं एवं अशीर्वचन दिया गया। श्री बाजपेयी ने पालकों का आभार जताते हुए अपने उद्बोधन में पालकों को आश्वस्त कराया कि संस्था सदैव आपके बच्चों का उचित मार्गदर्शन एवं शिक्षा के साथ संस्कार देने हेतु पूर्ण जिम्मेदार है।

शुभांक
2-3-8
880-6 367-6
भाग्यांक
235-0 156-2

पंचायत सचिवों के हड़ताल को समर्थन देने पहुंची पूर्व विधायक छन्नी साहू

कहा, लगातार दम तोड़ रही है मोदी की गारंटी

अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। विगत माह भर से छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूरे पंचायत सचिव अनिश्चित कालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। मांग भी वह है जिसका वादा खुद प्रदेश के भाजपा नेताओं ने स्वयं मुख्यमंत्री, मंत्री एवं सांसदों ने मोदी की गारंटी बताकर किया था। इस जायज मांग के लिए प्रदेश के सभी पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं वहीं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र में अंतर्गत छुरिया ब्लाक मुख्यालय में बैठे पंचायत सचिवो के पंडाल में खुज्जी विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती छली चंदू साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, जिला

कांग्रेस प्रवक्ता राहुल तिवारी, पार्षद सोनू खान, पार्षद मनोज यादव, पूर्व एल्डरमेंन शकील कुरैशी सहित कांग्रेस नेताओं ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया। पूर्व विधायक श्रीमती छली चंदू साहू ने कहा इसके पहले भी प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्रदेश की जनता को ठगने का काम किया है चाहे 3100 रूपये प्रति क्विंटल धान का मूल्य एक साथ देने का वादा हो, जर्सी गाय देने का मामला हो, या बेरोजगारों को रोजगार देने का मामला हो, चाहे देश के प्रत्येक व्यक्ति को 15 लाख रुपए देने का वादा हो, प्रत्येक पंचायत में कैश काउंटर खोलकर किसानों को धान का रकम एक साथ देने का बात हो भाजपा सरकार हर मामले पर विफल नजर आई थी। अब प्रदेश की भाजपा सरकार आम जनता को ठगने के लिए मोदी की गारंटी नामक नया फार्मूला लेकर आई है। छली साहू ने यह भी कहा कि महात्मा गांधी ने कहा था कि भारत की आत्मा गांव में बसती है, रोजगार गारंटी जैसे महत्वपूर्ण योजना और सभी पंचायत को पंचायती राज जैसे नियमों से मजबूत करने का काम कांग्रेस सरकार की देन है। कांग्रेस सरकार ने हमेशा से समाज के हर वर्ग के हितों का काम किया है और अभी भी हम कांग्रेस के कार्यकर्ता पंचायत सचिवों के साथ हर मोर्चे पर संघर्ष करने के लिए खड़े हैं। पंचायत सचिवों की मांग जायज है सरकार को तत्काल इस मांग को पूरा करने का निर्णय लेना चाहिए। पंचायत सचिवों ने पूर्व विधायक श्रीमती छली चंदू साहू सहित सभी कांग्रेस नेताओं का समर्थन देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सम्बद्ध चिकित्सालय, राजनांदगांव (छ.ग.)
पिन कोड - 491441 Email.id-gmch.rju@gmail.com
कमांक / अस्प. अधी./क्रय शाखा / 2025 / 2324 राजनांदगांव दिनांक 01/04/25

।। तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना ।।

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के आर्थोपेडिक विभाग एवं डेंटल विभाग में लगने वाले आर्थोपेडिक अपलाइंसेस, आर्थो प्रोस्थेसिस इन्टइमेंट एवं डेंटल इम्प्लान्ट्स सामग्री के लिये खुली निविदा आंमत्रित की जा रही है, इस हेतु अधिकृत कम्पनी एवं अधिकृत एजेंसियों से मुहरबंद निविदायें पंजीकृत डाक के माध्यम से उल्लेखित तिथि अनुसार आमंत्रित किया जाता है, जिसके नियम एंव शर्तो की प्रति कार्यालयीन दिवस पर प्रातः 10.00 बजे से शाम 05.30 बजे तक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.) के मुख्य भण्डार से निविदा फार्म के साथ प्राप्त किया जा सकता है।

01. निविदा प्रपत्र मूल्य - 1000.00 रुपया (वापसी अयोग्य)
02. निविदा प्रपत्र विक्रय की प्रारंभ तिथि - 07.04.2025 सुबह 10.30 बजे से ।
03. निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि - 16.04.2025 शाम 05.30 बजे तक
04. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 17.04.2025 शाम 03.00 बजे तक
05. निविदा खोले जाने की तिथि - 17.04.2025 शाम 04.00 बजे से ।

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है, जिसकी सुचना कार्यालय के सूचना पटल में चस्पा किया जावेगा।

संयुक्त संचालक एंव अधीक्षक
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय
राजनांदगांव (छ.ग.)

जी - 252600026/4

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदंण्डाधिकारी खैरागढ़
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
-: ईश्तहार:-
रा.मा.क... बी- 121 वर्ष 2024-25
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मीना बाई पति स्व. सुमेश निवासी शहर/ग्राम.परसदा (दुर्ग) प.ह.न. तहसील खैरागढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा तहसील द्वारा अपने पिता स्व. संतन कूर्रे पिता रेंगसी मृत्यु प्रमाण पत्र की मॉग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 03/10/2000 को स्थान पचपेड़ी पर होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, वे सुनवाई तिथि 26.03.2025 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।
यह ईश्तहार दिनांक 07.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।
जारी दिनांक:-07/03/25
सुनवाई दिनांक:- 26/03/25
सील **कार्यपालिक दंण्डाधिकारी खैरागढ़**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ़
// ईश्तहार //
क्र0/ प्रशा0-3/अ0वि0./2025
राजनांदगांव, दिनांक 22/03//2025
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रशांत कुमार दिनकरे, तुंजन, ललिता, मोनिका सभी के पिता माधव राव, निवासी तुलसीपुर, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम मोतीपुर, पटवारी हल्का नंबर 0034, खसरा नंबर 339/7, रकबा 0.0020 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।
उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 09/04/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 22/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।
सील **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव**

ज्ञान मंथन

1) न्यायाधीश जाँच अधिनियम में कितनी धाराएँ हैं?
2) भारत में लोकहितवाद को प्रारम्भ करने का श्रेय किसको है?
3) असहयोग आंदोलन शुरू करने के समय भारत का वायसराय कौन था?
4) दुनिया का ऐसा कौन सा पक्षी है जो रात भर रोता रहता है?
5) शोधकर्ताओं ने हाल ही में किस टाइगर रिजर्व में एक नई पौधे की प्रजाति की खोज की है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) 7 (2) न्यायाधीश पी.एन.भगवती तथा न्यायाधीश कृष्ण अय्यर (3) लॉर्ड चेम्सफोर्ड (4) चकोर (5) कलक्कड़ मुंडनथुराई (इम्पेतिन्स करूप्पुसाम्पि)

ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी है मां कात्यायनी

चन्द्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहन। कात्यायनी शुभं दद्याद्देवी दानवघातिनी

अरविन्द तिवारी

रायपुर (नांदगांव टाइम्स) । नवरात्रि के छठवें दिन आज माँ दुर्गा के छठवें स्वरूप कात्यायनी की पूजा आराधना की जाती है। माँ को जो सच्चे मन से याद करता है उसके रोग , शोक , संताप , भय आदि सर्वथा विनष्ट हो जाते हैं। जन्म-जन्मांतर के पापों को विनष्ट करने के लिये माँ की शरणागत होकर उनकी पूजा-उपासना के लिये तत्पर होना चाहिये। नवरात्रि के छठवें दिवस के बारे में अरविन्द तिवारी ने बताया कि माँ की उत्पत्ति या प्राकट्य के बारे में वामन और स्कंदपुराण में अलग-अलग बातें बतायी गयी हैं। माँ पार्वती का जन्म महिषासुर का वध करने के लिये ऋषि कत्य के घर में हुआ था इसलिये यह देवी कात्यायनी कहलायी। इनकी पूजा आराधना करने से अद्भुत शक्ति का संचार होता है और दुश्मनों का संहार करने में ये सक्षम बनाती है। मां कात्यायनी का स्वरूप अत्यंत चमकीला और भव्य है , तेजोमयी छवि भक्तों के हृदयों को सुख और शांति प्रदान करती है। इनका अस्त्र कमल व तलवार है। आज के दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में अवस्थित होता है। यह वृहस्पति ग्रह का संचालन करती है। इनकी चार भुजायें हैं दाईं तरफका ऊपर वाला हाथ अभयमुद्रा में है तथा नीचे वाला हाथ वर मुद्रा में। माँ के बायीं तरफके ऊपर वाले हाथ में तलवार है व नीचे वाले हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। इनका वाहन भी सिंह है। इनका स्वरूप भव्य एवं दिव्य है और ये स्वर्ण के समान चमकीली है। माँ कात्यायनी का पसंदीदा रंग लाल है और इन्हें शहद का भोग बेहद पसंद है। इन्हें पीला फूल और पीले रंग का नैवेद्य अर्पित करना चाहिये। इनकी उपासना और आराधना से रोग , शोक , संताप , भय आदि सर्वथा विनष्ट हो जाते हैं एवं भक्तों को बड़ी आसानी से अर्थ , धर्म , काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग , शोक , संताप और भय के अलावा जन्म जन्मांतर के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। नवरात्रि के

छठवें दिन यानि आज दुर्गा सप्तशती के ग्यारहवें अध्याय का पाठ करना चाहिये। माँ कात्यायनी की पूजा करते समय च ऐं ह्रीं क्लीम चामुण्डायै वच्चैज्ज् अथवा च कात्यायनी देव्यै नमःज्ज् मंत्रों का उच्चारण करना चाहिये। नवरात्रि के छठवें दिन प्रसाद में मधु यानि शहद का प्रयोग करना चाहिये। देवी मां को प्रसन्न करने के लिये गुड़ का दान करना चाहिये और नारंगी रंग के कपड़ें पहनने चाहिये। मां कात्यायनी के विधिपूर्वक आराधना करने से कार्यक्षेत्र में सफलता मिलती है व मार्ग में आने वाली कठिनाइयों पर विजय प्राप्त होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार माता कात्यायनी की उपासना से भक्त को अपने आप आज्ञा चक्र जाग्रति की सिद्धियां मिल जाती हैं और इसके साथ ही वह इस लोक में स्थित रहकर भी अलौकिक तेज और प्रभाव से युक्त हो जाता है। ब्रज की गोपियों ने भगवान कृष्ण को पति रुप में पाने के लिये कालिंदी यमुना के तट पर इन्हीं की पूजा अर्चना की थी इसलिये ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में भी प्रतिष्ठित है। मान्यता है कि मां कात्यायनी की पूजा करने से शादी में आ रही बाधा दूर होती है। जिन कन्याओं के विवाह में विलम्ब हो रहा है उन्हें आज के दिन हल्दी की गाँठ चढ़ाकर माँ कात्यायनी की पूजा अवश्य करनी चाहिये। इससे भगवान वृहस्पति प्रसन्न होकर विवाह का योग बनाते हैं और इससे उन्हें मनोवांछित वर की प्राप्ति होती है।

– कात्यायनी महामाये , महायोगिन्यधीश्वरि ।

नन्दगोपसुतं देवी , पति मे कुरु ते नमः ।। इसके अलावा सर्वसाधारण के लिये निम्न श्लोक भी सरल और स्पष्ट है। माँ जगदम्बा की भक्ति पाने के लिये आज इसका जाप करना चाहिये

–या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः ।।

कौन है मां कात्यायनी

कत नामक एक प्रसिद्ध महर्षि थे , उनके पुत्र ऋषि कात्य हुये। इसी कात्य गोत्र में विश्वप्रसिद्ध महर्षि कात्यायन उत्पन्न हुये। इन्होंने कई वर्षों तक भगवती पराम्बा की कठिन तपस्या के साथ उपासना की। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म ले , उनकी तपस्या से प्रसन्न होकर मां भगवती ने उनकी यह प्रार्थना स्वीकार कर ली। उनकी इच्छानुसार मां भगवती ने आश्विन मास के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी के दिन उनके घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। इसी कारण से ही इन्हें कात्यायनी कहा जाता है। कुछ समय पश्चात जब दानव महिषासुर का अत्याचार धरती पर बढ़ गया , तब भगवान ब्रह्मा , विष्णु , महेश तीनों ने अपने –अपने अंश का तेज देकर महिषासुर के विनाश के लिये एक देवी को उत्पन्न किया। मां कात्यायनी ने ही अत्याचारी राक्षस महिषासुर का वध कर तीनों लोकों को उसके आतंक से मुक्त कराया था। महिषासुर का वध करने वाली देवी मां कात्यायनी को महिषासुर मर्दनी के नाम से भी पुकारते हैं।

नारी सम्मान के संकल्प से नवरात्रि होगा सार्थक- प्रतुल

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम भंडारी भरदा में तीन दिवसीय भव्य जस गीत एवं झांकी प्रतियोगिता का उद्घाटन कार्यक्रम दाऊ प्रतुल

कुमार वैष्णव (कृषक एवं समाजसेवक) के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ विशिष्ट अतिथि के रूप में लक्ष्मी बाई मंडावी (जनपद सदस्य, छुरिया), भारती हुमन रावटे (सरपंच, भरदा), उर्मिला भंडारी (पूर्व सरपंच), राकेश सिन्हा (संचालक, अनुराग धारा), ओमप्रकाश पटौडी (पूर्व जनपद सदस्य), छबिलाल भूआर्य (उपसरपंच), चंदू साहू, कोमल सिन्हा, अगनु साहू, मिथलेश भंडारी, ग्यानिक बारमाटे, कीर्तन भूआर्य, किशुन पटौडी, एवं सुनील निर्मलकर उपस्थित थे । कार्यक्रम का आयोजन जय बजरंग भुनेश्वर जस झांकी परिवार भरदा के द्वारा किया जा रहा है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतुल कुमार वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवरात्रि आत्मसंयम के विकास और मातृशक्ति की आराधना का पर्व है अत: हमें आत्मसंयम और नारी सम्मान का संकल्प लेकर नवरात्रि को सार्थक बनाने की आवश्यकता है । कार्यक्रम में पूरे प्रदेश भर से जस गीत मंडली एवं झांकी मंडली आकर अपनी प्रस्तुति देंगे । कार्यक्रम को लेकर पूरे ग्रामवासियों में अभूतपूर्व उत्साह है ।

निधन

अखिल नशीने

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। श्री अखिल नशीने (रिटायर्ड डेवलेपमेंट ऑफिसर एलआईसी 84 वर्षीय निवासी सृष्टि कॉलोनी राजनांदगांव इनका दिनांक 1 अप्रैल 2025 को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार दिनांक 2 अप्रैल 2025 को लखोली मुक्तिधाम में किया गया वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

हर्षोउल्हास से मनाया गया ईदुल फितर का त्योहार

डोंगरगांव (नांदगबांव टाइम्स)। उमतीस रमजान की शाम इफ्तार के बाद ईद की चांद देखने को रोजेदारों का भीड़ उमड़ पड़ा बहुत ही गर्म जोशी के साथ बच्चे बुजुर्ग नौजवानों ने अपनी निगाहों को आसमान की तरफटक टकी नजर से देखते रहे थक हार कर वापस लौट आए लेकिन कुछ रोजेदार सब्र करते हुए आखरी घड़ी तक आसमान की तरफटक टकी लगाए रहे उसने अजान के बाद आखिर कार चांद देख ही लिया एकम का चांद बहुत कम दिखता है चांद देखते ही खुशी की लहर दौड़ गई तभी आज पास क्षेत्र जैसे उमर वही, नांदगांव, खैरागढ़, अम्बा चौकी,मोहला,मानपुर मस्जिद कमेटी के ओहदेदार ने डोंगर गांव जमा मस्जिद से

तस्दीक ली दो गवाह रमजान अंसारी अनिस बडगुजर की गवाही में मौलाना आकिब रजा साहब ने तस्दीक दी तब ईदुल फित्तर की नमाज हर्षो उल्हास से मनाया गया इतेजामिया कमेटी के सदर रफीक खत्री सेकेट्री डॉ बशीर अहमद खान खजांची समीम अंसारी मेम्बर खान सर (महमुदुल हसन)नजीर तंवर, रियाजुद्दीन सोलंकी, युनुस सिद्दीकी,आरिफ सोलंकी,फिरोज हसन रिजवी,इकबाल तंवर,शमसुद्दीन अंसारी, पीर मोहम्मद कुरैशी,इरफान बडगुजर ने इत्तेकाफ में बैठे अमीर निर्वाण,असफाक तंवर,अब्दुल सलाम,मोहम्मद अरशद,शमसुद्दीन अंसारी, दवाल कुरैशी,परवेज हसन सिद्दीकी का इस्तकबाल कर तोहफा भेट किया वही हाफिज वा कारी वारिस जमाल को इकसठ हजार नजराना सदर रफीक खत्री,कब्रिस्तान सदर इकबाल तंवर ने दिया पेश इमाम अकिब रजा साहब को इनकावन हजार रूपए का नजराना सेकेट्री डॉ बशीर अहमद खान ने दिया नाइब इमाम सफात रसूल को इकतीस हजार रूपए खजांची समीम अंसारी ने दिया और तमाम मुस्लिम जमात को वा नगर पंचायत अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,पर्षद को सद्दाम खत्री ने ईद की बधाई दी।

प्राकृतिक आपदा में घर जलकर खाक, नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन ने पहुंचाई सहायता

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले के अछोली गांव में एक परिवार का घर प्राकृतिक आपदा के कारण आग की चपेट में आ गया, जिससे पूरा घर जलकर खाक हो गया। इस आपदा में परिवार को भारी नुकसान झेलना पड़ा, लेकिन नागरिक सुरक्षा

फाउंडेशन, राजनांदगांव के सदस्यों ने तत्परता दिखाते हुए प्रभावित परिवार को आवश्यक सहायता प्रदान की। फाउंडेशन की ओर से पीड़ित परिवार को राहत सामग्री, जीवन जीने की काम आने वाली वस्तु की सहायता और अन्य जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए गए।इस दौरान आयोजित सहायता कार्यक्रम में प्रदेश महिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. गुरप्रीत कौर, राजनांदगांव महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती भुभुबाला श्रीवास्तव, राजनांदगांव पुरुष जिला अध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, राजनांदगांव महिला उपाध्यक्ष श्रीमती रेणुका साहू, महासचिव श्रीमती रितु रायजादा, सचिव अभिषेक श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव, महिला सचिव विनोदिनी मारकंडे, रमेश श्रीवास्तव, डा. तरूण रामटेके उपस्थित रहे।

ईद मिलन समारोह के अवसर पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर के मोतीपुर रामनगर क्षेत्र स्थित मदरसा गुलशने रजा में ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया । इस आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव, नगर निगम अध्यक्ष तोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, वार्ड नं. 7 की पार्षद तृप्ति शांति पात्रे, वार्ड नं. 8 के पार्षद मनोहर यादव, जमा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष रईस अहमद शकील, मोहम्मद इब्राहिम और समाज सेवी मदन यादव शामिल हुए। ताज नगर, रामनगर स्थित मदरसे में आयोजित इस ईद मिलन समारोह के अवसर पर समाज के लोग एकजुट हुए और एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। वही इस दौरान सेवई और लंगर का आयोजन भी किया गया था।

जनप्रतिनिधियों का सम्मान

ईद मिलन समारोह के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने निर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य जन प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया ।

महापौर ने दी शुभकामनाएं

ईद मिलन समारोह में पहुंचे महापौर मधुसूदन यादव ने समाज के लोगों को ईद पर्व की बधाई देते कहा समाज के इस भवन के लिए पूर्व में हमारी सरकार ने राशि स्वीकृत की थी। आगे भी जो बाउंड्रीवाल का काम बचा है। उसे भी पूरा करेंगे। वहीं उन्होने रामनगर वार्ड में मदरसा रोड की जर्जर सड़क को लेकर कहा कि जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरी करेंगे ।

समाजिक एकता की परम्परा

शहर जामा मस्जिद के सदर हाजी रईस अहमद शकील ने ईद मिलन समारोह के आयोजन को लेकर कहा कि यह मदरसा कमेटी काफी एक्टिव है और छोटे छोटे आयोजनों के

माध्यम से समाज के लोगों को एकजुट करती है। वहीं उन्होने कहा कि हम संस्कारधानी के लोग है और एक दूसरे के त्योहारों पर बधाई देते है। यह परम्परा कायम रहना चाहिए ।

बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए

ईद मिलन समारोह के इस आयोजन अवसर पर मदरसा गुलशने रजा कमेटी के नासिर खान, रज्जाक खान, शेख सुलेमान, निजाम खान सहित बड़ी संख्या में समाज की महिला पुरुष शामिल हुए।

आरटीई के तहत पंजीयन 8 अप्रैल तक

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सत्र 2025-26 के लिए छात्र पंजीयन के आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 से बढ़ाकर 8 अप्रैल 2025 तक कर दी गई है। वर्तमान में राजनांदगांव जिला अंतर्गत आरटीई के तहत कुल निजी स्कूल 175 संचालित हैं। इन स्कूलों में से 166 निजी स्कूल द्वारा प्रोफाइल अपडेट की कार्रवाई पूर्ण कर ली गई है, प्रोफाइल अपडेट निजी स्कूलों में कुल 1889 आरटीई सीट आरक्षित है। जिले के पात्र बच्चे जो निजी विद्यालय में आरटीई पोर्टल के माध्यम से सत्र 2025-26 हेतु कक्षा नर्सरी, केजी-1 एवं कक्षा पहली में प्रवेश के इच्छुक है, ऑनलाईन पंजीयन नहीं करा सके हैं।

धर्म समाचार....

कामदा एकादशी पर करें इस चालीसा का पाठ, सभी समस्या से मिलेगा छुटकारा

सनातन धर्म में एकादशी के दिन तुलसी के पौधे की पूजा-अर्चना करने का विशेष महत्व है। इस पौधे में मां लक्ष्मी का वास माना जाता है। पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को कामदा एकादशी के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि एकादशी व्रत को करने से साधक को सभी पापों से छुटकारा मिलता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर कामदा एकादशी व्रत किया जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस बार कामदा एकादशी व्रत 08 अप्रैल (यट्टद्धड्डस्त्र ध्धद्धड्डस्त्रड्डद्धद्ध 2025 ष्ठड्डह्द) को किया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि कामदा एकादशी के दिन भगवान विष्णु के संग मां तुलसी की पूजा करने से आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है। साथ ही मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। अगर आप कामदा एकादशी पर मां तुलसी को प्रसन्न करना चाहते है, तो कामदा एकादशी के दिन पूजा के दौरान तुलसी चालीसा का पाठ करें। मान्यता के अनुसार, इसका पाठ करने से घर में सुख-शांति का वास होता है। साथ ही सभी समस्या दूर होती है। आइए पढ़ते हैं तुलसी चालीसा।

।।दोहा तुलसी चालीसा।।
श्री तुलसी महारानी, करूँ विनय सिरनाय।
जो मम हो संकट विकट, दीजै मात नशाय।।
नमो नमो तुलसी महारानी, महिमा अमित न जाय बखानी।
दियो विष्णु तुमको सनमाना, जग में छायो सुयश महाना।।
विष्णुप्रिया जय जयतिभवानि, तिहूँ लोक की हो सुखखानी।
भगवत पूजा कर जो कोई, बिना तुम्हारे सफल न होई।।
जिन घर तव नहिं होय निवासा, उस पर करहिं विष्णु नहिं बासा।
करे सदा जो तव नित सुमिरन, तेहिके काज होय सब पूरन।।
कातिक मास महात्म तुम्हारा, ताको जानत सब संसारा।
तव पूजन जो करैं कुंवारी, पावै सुन्दर वर सुकुमारी।।
कर जो पूजन नितप्रति नारी, सुख सम्पत्ति से होय सुखारी।
वृद्धा नारी करै जो पूजन, मिले भक्ति होवै पुलकित मन।।
श्रद्धा से पूजै जो कोई, भवनिधि से तर जावै सोई।
कथा भागवत यज्ञ करावै, तुम बिन नहीं सफलता पावै।।
छायो तव प्रताप जगभारी, ध्यावत तुमहिं सकल चितधारी।
तुम्हीं मात यंत्रन तंत्रन, सकल काज सिधि होवै क्षण में।।
औषधि रूप आप हो माता, सब जग में तव यश विख्याता,
देव रिषी मुनि औ तपधारी, करत सदा तव जय जयकारी।।
वेद पुरानन तव यश गाया, महिमा अगम पार नहिं पाया।
नमो नमो जै जै सुखकारनि, नमो नमो जै दुखनिवारनि।।
नमो नमो सुखसम्पति देनी, नमो नमो अघ काटन छेनी।
नमो नमो भक्तन दु:ख हरनी, नमो नमो दुष्टन मद छेनी।।
नमो नमो भव पार उतारनि, नमो नमो परलोक सुधारनि।
नमो नमो निज भक्त उबारनि, नमो नमो जनकाज संवारनि।।
नमो नमो जय कुमति नशावनि, नमो नमो सुख उपजावनि।
जयति जयति जय तुलसीमाई, ध्याऊँ तुमको शीश नवाई।।
निजजन जानि मोहि अपनाओ, बिगड़े कारज आप बनाओ।
करूँ विनय मैं मात तुम्हारी, पूरण आशा करहु हमारी।।
शरण चरण कर जोरि मनाऊँ, निशदिन तेरे ही गुण गाऊं।
ऋहु मात यह अब मोपर दाया, निर्मल होय सकल ममकाया।।
मंगू मात यह बर दीजै, सकल मनोरथ पूर्ण कीजै।
जनूं नहिं कुछ नेम अचारा, छमहु मात अपराध हमारा।।
बरह मास करै जो पूजा, ता सम जग में और न दूजा।
प्रथमहि गंगाजल मंगवावे, फिर सुन्दर स्नान करावे।।

चन्दन अक्षत पुष्प चढ़ावे, धूप दीप नैवेद्य लगावे।
करे आचमन गंगा जल से, ध्यान करे हृदय निर्मल से।।
पाठ करे फिर चालीसा की, अस्तुति करे मात तुलसा की।
यह विधि पूजा करे हमेशा, ताके तन नहिं रहै क्लेशा।।
करै मास कार्तिक का साधन, सोवे नित पवित्र सिध हुई जाहीं।
है यह कथा महा सुखदाई, पढ़े सुने सो भव तर जाई।।
तुलसी मैया तुम कल्याणी, तुम्हरी महिमा सब जग जानी।
भाव ना तुझे माँ नित नित ध्यावे, गा गाकर मां तुझे रिझावे।।
यह श्रीतुलसी चालीसा पाठ करे जो कोय।
गोविन्द सो फल पावही जो मन इच्छा होय।।

nandgaon times April-03-004.qxd 4/2/2025 11:58 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंच रहे दर्शनार्थी

चैत्र नवरात्रि में माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सेवा पंडाल





राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। चैत्र नवरात्रि में माँ बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए मार्ग पर विभिन्न स्थानों पर सेवा पंडाल लगाए गए हैं और पैदल यात्रियों की सेवा की जा रही है। दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में दशनार्थी माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को कानून व्यवस्था, सुरक्षा तथा पार्किंग व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पदयात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से मार्गों के मरम्मत, बैरिकेटिंग, प्रकाश व्यवस्था, साईन बोर्ड के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त दवाईयों की उपलब्धता के लिए विशेष तौर पर कहा। भ्रमण के दौरान आकस्मिक स्थिति की जानकारी मिलने पर कंट्रोल रूम में फोन पर सूचना देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि संपूर्ण मेला अवधि में सुचारू एवं निर्बाध विद्युत व्यवस्था का नियंत्रण एवं संचालन होना चाहिए। साथ ही पेयजल की सतत आपूर्ति होनी चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को पैदल यात्रियों के लिए दवाई, मलहम पट्टी की व्यवस्था के निर्देश दिए है। माँ बम्लेश्वरी मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए की गई सुविधाओं, व्यवस्थाओं की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। जिला प्रशासन एवं स्वयं सेवा भावी संस्थाओं द्वारा पैदल यात्रियों के लिए सेवा पंडाल लगाए गए हैं। भक्तगणों की सुविधा के लिए रोपवे सहित सेवा पंडालों में पेयजल, भोजन, नाश्ते की व्यवस्था की गई है, वहीं ग्राम पंचायतों द्वारा पैदल यात्रियों के रूकने, आराम करने तथा पंखे, कूलर और पानी की व्यवस्था की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की गई चाक-चौबंद व्यवस्था

श्रद्धालुओं ने सेवा पंडाल में विश्राम और भोजन के लिए की गई व्यवस्था की प्रशंसा की

पैदल यात्रियों के पैर में छाले पड़ने पर मलहम-पट्टी की जा रही

डोंगरगढ़ जा रहे सरोना रायपुर के श्री गणेश बाघ ने बताया कि वे विगत 15-16 वर्षों से माता के दर्शन के लिए पैदल यात्रा कर रहे है। उन्होंने कहा कि पिछले शेर बनकर आया था, इस वर्ष बजरंगबली बनकर आया हूं। उन्होंने जिला प्रशासन व सेवा पंडाल में की गई, विश्राम और भोजन की व्यवस्था की प्रशंसा की। सेवा पंडालों में जय माता दी सेवा पंडाल मुसरा में फल, बुंदी, सेव, जलेबी पोहा फल, फलाहार नाश्ते में तथा भोजन की अच्छी व्यवस्था थी। पंचमी तक 24 घंटे यहां पैदल यात्रियों को सेवा भाव के साथ खाना खिलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ओआरएस घोल, मूव, पैरासीटामाल, मलहम पट्टी एवं अन्य दवाईयों की व्यवस्था थी। दूर से आते-जाते श्रद्धालुओं के पैर में छाले पड़ गए हैं। उनकी मलहम पट्टी की जा रही है। रायपुर से आ रहे टेकेश्वर यादव ने बताया कि भोजन की अच्छी व्यवस्था के साथ ही चिकित्सा की बहुत अच्छी व्यवस्था की गई है। साथ ही पंखे-कूलर की अच्छी व्यवस्था है।रायपुर पंडरी के पैदल यात्री श्री मानव डोंगरे ने बताया कि हर वर्ष 10-12 लोगों का दल डोंगरगढ़ के लिए यात्रा करते हैं, यह मेरा दूसरा वर्ष है। ग्राम पंचायतों द्वारा माड़ीतराई में यात्रियों के रूकने और चाय-पानी की अच्छी व्यवस्था है। ग्राम बेलगांव में भी विशाल भंडार समिति एवं नगर पंचायत द्वारा यात्रियों के लिए रूकने और खाने पीने की अच्छी व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पैदल यात्रियों के लिए ईलाज, दवाई की व्यवस्था की गई है। जिले में समाज सेवी एवं स्वयं सेवी संस्थाओं द्वारा पैदल यात्रियों के लिए सेवा पंडाल लगाए गए है, वहीं ग्राम पंचायतों द्वारा भी सेवा पंडाल में श्रद्धालुओं की सेवा की जा रही है। उल्लेखनीय है कि चैत्र नवरात्रि पर्व मार्च 2025 पर माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर डोंगरगढ़ के दर्शनार्थ आने वाले तीर्थ यात्रियों हेतु स्वयं सेवाभावी व जिला प्रशासन द्वारा सुविधा केन्द्र बनाएं गए है।

रामनवमीं को निकलेगी नगर में भव्य शोभायात्रा

जगह - जगह भंडारे का आयोजन भी

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। रामनवमीं के पावन अवसर पर नगर में भव्य श्रीराम शोभायात्रा निकाले जाने की तैयारी है। सनातन समाज द्वारा इसकी व्यापक तौर पर तैयारी की जा रही है। इससे पहले नवरात्र के अवसर पर नगर को भगवा तोरण पताकाओं से सजाया गया है। इसके अलावा अलग अलग जगहों पर रामनवमीं को भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया है। जानकारी के अनुसार शोभायात्रा का शुभारंभ स्थानीय पुरातन श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर प्रागंण किल्लापारा से दोपहर 3 बजे होगा। पश्चात् यात्रा सदर लाईन, चौकी रोड, मेन रोड, पुराना बस स्टैण्ड होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी, जहां पर भंडारा का आयोजन होगा। शोभायात्रा को व्यापक और भव्य बनाने के लिए युवाओं की टोली द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की गई है। श्रीराम शोभायात्रा संगीतमय तथा गाजे बाजे के साथ निकाली जावेगी। इसमें आदिवासी नृत्य तथा प्रसिद्ध ढोल रूप आकर्षण का केन्द्र बिन्दु रहेंगे।

रामनवमीं को जगह जगह पूर्णाहूति व भोजन भंडारा

इस बार आठ दिनों की नवरात्रि पड़ रही है। विद्वानों व ज्योतिषों के अनुसार इसका अलग ही महत्व है। इसको देखते हुए अंचल के अनेक मंदिरों व देवालयों में इस वर्ष अष्टमी का हवन व पूर्णाहूति 5 अप्रैल शनिवार को आयोजित किया गया है। घर घर में मान्यता के साथ लगाये गये जग जंवारा का विसर्जन भी शनिवार को देर शाम तक होगा। लेकिन कई मंदिरों में स्थापित ज्योति कलशों की महापूर्णाहूति रविवार श्रीराम नवमीं के दिन होगा।

दाऊ मंदराजी जयंती में सुनील बंसोड़ हुए सम्मानित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर निगम के कन्हारपुरी वार्ड क्रमांक 34 में गत दिनों 1 अप्रैल 2025 दाऊ मंदराजी के जयंती अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव के हाथो सुप्रसिद्ध लोक गायक सुनील बंसोड़ लोक धरोहर सम्मान से सम्मानित हुए। ज्ञात हो कि दाऊ मंदराजी धरोहर मंच के तत्वावधान में कन्हारपुरी वार्ड नं0 34 के मंदराजी गौठान में आयोजित छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली नाचा के पुरोधा पुरुष दाऊ मंदराजी की जयंती लोक कलाकारों द्वारा धूमधाम से मनाई गई।। श्री बंसोड़ को इस अवसर पर सम्मानित होने पर लोक कलाकारों, कवि, साहित्यकारों सहित उनके ईस्ट मित्रों ने बधाई दी हैं।

शहर के पेयजल के लिए 114 करोड की स्वीकृती पर डॉ. रमन सिंह का आभार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर भारतीय जनता पार्टी उत्तर मंडल के अध्यक्ष सुमीत भाटिया ने 114.63 करोड रूपये शहर के पेयजल व्यवस्था के लिए प्रशासनिक स्वीकृती पर स्थानीय विधायक विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का आभार व अभिनंदन करते हुए कहा की डॉ. रमन सिंह शहर के विकास व समस्याओं को लेकर सदैव संवेदनशील रहे है हाल ही मे 2 करोड 63 लाख 99 हजार रूपये की स्वीकृती स्कूलो के विकास के लिए दिलाना शहर की जंर्ज सड़को के निर्माण के लिए करोडो का आबंटन दिलाना और अब शहर को पीने के पानी के लिए तकलीफ ना हो इसके लिए महत्वकांक्षी परियोजना की स्वीकृती दिलाना उनकी राजनांदगांव को लेकर निरंतर चिंतनशील होने को प्रमाणित करता है भाजपा मिडिया सेल द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार उत्तर मंडल के अध्यक्ष श्री भाटिया ने आगे कहा कि पेयजल के लिए स्वीकृत करोडो की इस धन राशि से शहर की जीवन रेखा शिवनाथ नदी व्यपरिवंतन मुख्य लहर से शाखा नहर लाईनिगं का कार्य किया जाएगा जिससे इस नहर के रास्ते मे पडने वाले 20 ग्रामो को सीधा लाभ मिलेगा व शहर मे पेयजल की किल्लत को भी दुर किया जा सकेगा इस जनपयोगी कार्य के लिए जहां प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय जी का आभार है वही डॉ. रमन सिंह का अभिनंदन है।

सिंघोला मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ में 1248 ज्योति कलश प्रज्वलित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर की दूरी पर बसा ग्राम सिंघोला मे मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ समिति सदस्यगण एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम सिंघोला में वंदनीय प्रातः स्मरणीय,ममतामयी, जगत जननी मां भानेश्वरी देवी जिनके दिव्य शक्ति मानव आत्मा के उद्धार और उत्थान के लिए स्नेहपूर्ण छाया भव्य शक्तिपीठ में अद्भुत विराजमान है जहां भक्त जन मनोरथ की प्राप्ति के लिए शक्तिपीठ में वर्ष के दो पर्व में चैत्र शुक्ल पक्ष रामनवमी पर्व और अश्वनी शुक्ल पक्ष दुर्गा नवमी को ज्योति प्रचलित करने और मां भानेश्वरी देवी के भक्तों का जन सैलाब उमडता है. मां भानेश्वरी देवी शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्रि में 30 मार्च को घी की ज्योति कलश 589 एवं तेल की ज्योति कलश 658 इस तरह से कुल 1248 ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है और 3 अप्रैल दिन गुरुवार को पंचमी कलश स्थापना की जाएगी, 6 अप्रैल को हवन यज्ञ पूजन एवं पूर्णाहुती, 7 अप्रैल को जवारा विसर्जन एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंदिर प्रांगण में संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन भी मंदिर प्रांगण में प्रारंभ हो गया है जिसकी शुरुआत 31 मार्च को कलश यात्रा, वेदी पूजन, गोकर्ण कथा से प्रारंभ हुआ और इसकी कथा वाचक व्यास पीठ पंडित श्री राजा महाराज जी ग्राम खुर्शीपार जिला बालोद है.आयोजन कर्ता मनोज श्रीमती अनीता चंद्राकर सिंघोला है।मंदिर समिति के पुजारी दिलीप कुमार ठाकुर, अध्यक्ष नंद नरेंद्र साहू,उपाध्यक्ष भोज राम साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश साहू,सचिव रोशन साहू,संरक्षक लखन साहू, पुराणिक साहू, रामबिलास साहू, अमर सिंह, भुवन साहू ने नवरात्रि में क्षेत्र वासियों को अधिक से अधिक संख्या में माता को के दर्शन के लिए क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है।

शराब की अवैध बॉटलिंग कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति उजागर : कोमल सिंह राजपूत

राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भाजपा के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारा पत्रकार वार्ता में दिए गए बयान पर कहा कि कांग्रेस शराब की अवैध बॉटलिंग के क्रियाकलापों में भाजपा नेताओं की संलिप्तता बताकर अपनी खीज निकाल रही है। भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री राजपूत ने कहा कि शराब से अवैध कमाई करने वाले 2000 करोड़ से अधिक का शराब घोटाला करने वाले लोग जब इस तरह के आरोप भाजपा पर लगाते हैं, तो यह कहावत सुपा बोले तो बोले चलनी बोल रही है की कहावत कुछ चरितार्थ कर रही है। कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि पूरा देश जानता है कि देश के दूरदृष्टा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार अपना तीसरा कार्यकाल राष्ट्र की राजनीति और विकास पथ में परिवर्तन के एक नए युग की शुरुआत कर रही है, एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक,वफफबोर्ड संशोधन विधेयक, आयकर छूट की सीमा को 12 लख रुपए बढ़ाना, एक राष्ट्र एक सब्सक्रिप्शन जैसे बड़े निर्णय राजनीति को एवं सामाजिक गतिशीलता को बदलने की क्षमता रखते हैं। इसके अलावा हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में एनडीए की निर्णायक जीत ने पार्टी के विचारों एवं सिद्धांतों को पुनः स्थापित कर दिया है। देश की जनता भ्रम फैलाने वालों को स्वीकार नहीं कर रही है, कांग्रेस नेता का बयान उनकी नकारात्मक राजनीति की सोच का परिणाम है । छत्तीसगढ़ स्थानीय निकायों में पार्टी की प्रचंड जीत ने कांग्रेस के सभी हथकंडों का जवाब दे दिया है और देश विकास की राजनीति पसंद कर रहा है, कांग्रेस इस सच्चाई से रूबरू हो जाए तो उसके लिए आने वाला रास्ता सार्थक होगा।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com